Castes and Scheduled Tribes respectively is admissible in recruitment to categories the scales of which go beyond Rs 375/- p m, while for others the quota is 17% for Scheduled Castes and 7% for Scheduled Tribes

In promotion to selections posts in Class III where the element of direct recruitment does not exceed 50%, a quota of 15% and 7½% is allowed to Scheduled Castes and Scheduled Tribes respectively

(b) On the Eastern Railway, there are two Health Inspectors belonging to Scheduled Castes and one belonging to Scheduled Tribes in Grade Rs 130 240

सरकारी क्षेत्र में इटली के सहयोग से स्कूटरों का निर्माण

177 **श्री हुकम चन्द कछवाय** क्या औद्योगिक विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) क्या वेस्पा स्कूटरों का निर्माण करने वाली इटली की एक कम्पनी ने सरकारी क्षेत्र में स्कूटरों का निर्माण करने में सरकार को सहयोग देने का प्रस्ताव किया है, और

(ख) यदि हां, तो इस बारे में सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

औद्योगिक विकास मंत्रालय में उपमंत्री (श्री सिद्धेश्वर प्रसाद) (क) जी, हां।

(ख) प्रस्ताव के तकनीकी और वित्तीय पहलुओं पर कम्पनी के प्रतिनिधियों से प्रारम्भिक वार्तालाप किए गये है। इस वार्तालाप के अनुसरण में, कम्पनी अपना पक्का प्रस्ताव प्रस्तुत करेगी, जिसकी अब प्रतीक्षा की जा रही है।

भारतीय रेलवे में घेरावों के कारण रेलवे को हुई हानि

178 **श्री हुकम चन्द कछवाय** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) गत दो वर्षों में भारतीय रेलवे मे 'घेराव' के कुल कितने मामले हुए ; और

(ख) इस के कारण भारती रेलवे को अनुमानत कितनी हानि हुई, और

(ग) 'घेराव' आन्दोलनों को समाप्त करने के लिए सरकार का क्या कार्यवाही करने का विचार है ?

रेल मंत्री (श्री हनुमन्तैया) (क) से (ग). सूचना मगायी जा रही है और सभा-पटल पर रख दी जायेगी।

होशंगाबाद मध्य प्रदेश में सीमेंट के कारखाने की स्थापना

180 **श्री हुकम चन्द कछवाय** क्या औद्योगिक विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) क्या मध्य प्रदेश मे सीमेंट के कारखाने स्थापित करने के लिए 'ए' श्रेणी का चूना-पत्थर उपयुक्त मात्रा मे उपलब्ध है ;

(ख) क्या राज्य सरकार ने औद्योगिक दृष्टि से पिछड़े हुए जिले होशंगाबाद मे सीमेंट का कारखाना स्थापित करने हेतु लाइसेंस प्रदान करने के लिए दो आवेदन-पत्रों की सिफारिश की थी,

(ग) यदि हां, तो क्या सरकार का विचार औद्योगिक दृष्टि से पिछड़े हुए जिलों का विकास करने एवम् अति-